संपादकीय

मेजबानी की बहाने

जी-20 की खत्म होती प्रासगिकता मोदी सरकार के लिए संभवत: चिंता का पहलू इसलिए नहीं है क्योंकि इसकी मेजबानी के बहाने उसे अगले आम चुनाव के लिए एक बड़ा नैरेटिव खड़ा करने का मौका मिला है।

यह खबर सुन कर हैरत हुई कि जी-20 की मेजबानी से संबंधित मुद्दों की विपक्ष को जानकारी देने और उसकी राय जानने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसलिए कि इस सरकार का नजरिया अक्सर विपक्ष को हाशिये पर धकेलने, बल्कि यहां तक कि 'विपक्ष मुक्त' भारत बनाने का रहा है। ऐसे में एक अंतरराष्ट्रीय समूह की मेजबानी जैसे सामान्य मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो साफ है कि सरकार इसके जरिए अपने घरेलू समर्थक वर्ग के बीच विशेष माहौल बनाना चाहती है। मकसद संभवत: यह है कि यह वर्ग अगले साल भर तक इससे जुड़ी चर्चाओं में खोया रहे और इसके जरिए पहले ही बनाई गई यह धारणा और पुष्ट हो कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन रहा है। वरना, हर साल होने वाली शिखर बैठक अलग-अलग देशों में होती है और इसकी मेजबानी आम तौर पर रोटेशन से तय होती है। मेजबान की इसमें कुछ खास भूमिका तो होती है, लेकिन वह निर्णायक महत्त्व की नहीं होती। इसलिए मेजबान बनने के नाते भारत इस समूह को कोई नई दिशा दे सकेगा या इसकी कमजोर पड़ रही प्रासगिकता को बहाल कर पाएगा, इसकी कोई संभावना नहीं है।

इस ग्रुप की प्रासंगिकता इसलिए कमजोर पड़ रही है, क्योंकि इसमें शामिल कई प्रमुख देश आज एक दूसरे के विरोधी खेमों का हिस्सा बनते दिख रहे हैं। इस विभाजन का गहरा साया हाल में इंडोनेशिया में हुई शिखर बैठक के दौरान देखने को मिला। वहां यह साफ हो गया कि मौजूदा हालात में यह समूह निर्णायक तो दूर, कोई सामान्य भूमिका निभाने की स्थिति में भी नहीं है। जी-20 का गठन भूमंडलीकृत होती विश्व अर्थव्यवस्था में खड़े होने वाले मसलों के हल पर आम सहमति बनाने के लिए हुआ था। 2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी के बाद इसकी विशेष भूमिका बनी, जब इसके वार्षिक शिखर सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हुआ। लेकिन अब ग्लोबलाइजेशन की प्रक्रिया उलटी दिशा में चल पड़ी है। यूक्रेन युद्ध तो साफ-साफ इस वैश्विक व्यवस्था को तोड़ दिया है। ऐसे में यह समूह अपनी प्रासंगिकता के लिए संघर्षरत है। बहरहाल, यह मोदी सरकार के लिए संभवत: चिंता का पहलू इसलिए नहीं है क्योंकि इसकी मेजबानी के बहाने उसे 2024 के आम चुनाव के लिए एक बड़ा नैरेटिव खड़ा करने का मौका मिला है।

उद्योग दिवस के चौथे संस्करण का आयोजन आज करेगा आईआईटी दिल्ली

नई दिल्ली । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली का प्रमुख उद्योग-अकादमिक भागीदारी कार्यक्रम उद्योग दिवस 2022 इस बार 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

दिन भर चलने वाले इस आयोजन के चौथे संस्करण में यह देखने का अवसर मिलेगा कि कैसे आईआईटी दिल्ली ऐसी तकनीकों को विकसित करने के लिए काम कर रहा है, जिससे उद्योग और समाज दोनों को लाभ होगा। इस कार्यक्रम में 15 से अधिक बड़े कॉर्पोरेट और व्यावसायिक घरानों के शीर्ष नेतृत्व उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र एवं टीसीएस के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं मुख्य टेक्नोलॉजी अधिकारी के अनंत कृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। उद्योग दिवस चार विषयों पर केंद्रित होगा, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। हेल्थकेयर, इलेक्ट्रिक वाहन, संचार प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण पर विषयगत सत्रों में उद्योग के नेताओं, वैज्ञानिकों, आईआईटी दिल्ली के संकाय, शोध विद्वानों और छात्रों द्वारा भाग लिया जाएगा। ये तमाम वक्ता मौलिक अवधारणाओं और नए दृष्टिकोणों पर विचार-विमर्श करेंगे।

वार्षिक कार्यक्रम प्रस्तुत शोध के माध्यम से आईआईटी दिल्ली के सहयोगात्मक और अंत:विषय साझाकरण का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित 70 से अधिक अत्याधुनिक तकनीकों को उद्योग दिवस पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस आयोजन में आईआईटी दिल्ली के छात्रों द्वारा बनाए गए 150 से अधिक उद्योग-संबंधित अवधारणा पोस्टर भी होंगे।

प्रदर्शित किए जाने वाले अत्याधुनिक अनुसंधान के कुछ उदाहरणों में शामिल हैं मिर्गी का तेजी से पता लगाने के लिए आर्टिफ़िशियल इन्टेलिजन्स आधारित पोर्टेबल डिवाइस, रक्षा कर्मियों के लिए बेहद ठंडे मौसम के कपड़े, बायोमेडिकल उपकरणों और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को शक्ति प्रदान करने के साधन, इलेक्ट्रिक वाहन पावर कन्वर्टर्स, पैरालिसिस से ग्रस्त व्यक्ति के लिए हैन्ड एक्सोस्केलेटन, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट के लिए पुन: उपयोग में लाए जाने वाला सीरिंज, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रौद्योगिकियां, इत्यादि।

उद्योग दिवस 2022 के बारे में बात करते हुए आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने कहा, हम उद्योग जगत के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार स्नातकों के साथ-साथ अपने शोध के माध्यम से प्रतिस्पर्धी बढ़त प्रदान करने में भूमिका निभाना चाहते हैं। हम इंडस्ट्री का स्वागत करते हैं की वो उद्योग दिवस के माध्यम से आईआईटी दिल्ली के साथ भागीदारी के अवसरों को तलाशे।

संस्थान के कॉरपोरेट रिलेशंस, और रिसर्च एंड डेवलपमेंट डीन प्रोफेसर सुनील कुमार खरे ने कहा कि इस साल के उद्योग दिवस के लिए चुनी गई थीम और तकनीकें हमारे आंतरिक और बाहरी अनुसंधान समुदायों की जरूरतों और दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। यह उद्योग और अकादमिक को बढ़ावा देंगी। साथ ही विभिन्न हितधारक समुदायों के बीच सहयोग के नए अवसर और प्रभाव पैदा करेगी।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नौ फरवरी से

मुंबई । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की शृंखला नागपुर में नौ नवंबर से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बीसीसीआई ने भारत के घरेलू सत्र 2023 की घोषणा करते हुए बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच नागपुर (9-13 फरवरी) के अलावा दिल्ली (17-21 फरवरी), धर्मशाला (1-5 मार्च) और अहमदाबाद (9-13 मार्च) में खेले जायेंगे। गौरतलब है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 में मेज़बान टीम को 2-1 से हराया था। फरवरी में शुरू होने वाली शृंखला भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों के लिये भी महत्वपूर्ण होगी।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया तीन एकदिवसीय मैचों के साथ अपना भारत दौरा समाप्त करेगा। यह वनडे मुकाबले क्रमश: मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में आयोजित होंगे।

इससे पहले भारत साल की शुरुआत में सीमित ओवर शृंखलाओं के लिये श्रीलंका और न्यूजीलैंड की मेजबानी भी करेगा। श्रीलंका के भारत दौरे की शुरुआत तीन टी20 मैचों से होगी, जिसके बाद दोनों टीमें तीन एकदिवसीय मैचों में एक दूसरे का सामना करेंगी।

इसके अलावा भारत और न्यूजीलैंड भी 18 जनवरी से एक फरवरी के बीच एक दूसरे के खिलाफ तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेंगे।

शक्कर में नरमी, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन मजबूत, दालों में तेजी, चावल सामान्य

इंदौर । सियागंज किराना बाजार में शक्कर में नरमी रही। खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। तिलहन में मांग रही। आज सरसों महंगी बिकी। दलहनो में उठाव से तेजी दर्ज की गई। दालो में मांग से भाव ऊंचे रहे। चावल में कामकाज साधारण रहा। शक्कर में उठाव सुस्त रहा। आज शक्कर में कामकाज 3640 से 3680 रुपये के स्तर पर हुआ। शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। खोपरा बूरा, खोपरा गोला में मांग रही। साबूदाना में खरीदी सामान्य बताई गई। खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। आज मूंगफली तेल महंगा होकर बिका। वहीं तिलहन में प्लान्टो की लिवाली से सुधार दर्ज किया गया। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन मजबूती लिए बताए गए। दालों में भाव बढ़े। आज तुअर दाल महंगी बिकी। चावल में पूछपरख बनी बताई गई।

रियलमी का 10प्रो सीरीज 5जी स्मार्टफोन जियो के 5जी नेटवर्क को करेगा सपोर्ट



नई दिल्ली। स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रियलमी ने आज अपना नया 5जी स्मार्टफोन लॉन्च किया जो जियो के 5 जी नेटवर्क को सपोर्ट करेगा। फ्लैगशिप फोन किलर -10प्रो सीरीज के इस फोन की कीमत 17,999 रुपये से शुरू होगी।

कंपनी ने कहा कि वह रिलायंस जियो के साथ मिलकर कई नए बंडल ऑफर ले कर आएगी। स्मार्टफोन की सेल 14 दिसंबर से शुरू होगी। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए रियलमी इंडिया के सीईओ माधव शेठ ने कहा रियलमी ने 5जी स्टैंडअलोन, एनआरसीए, वीओएनआर जैसी तकनीकों के लिए जियो के साथ हाथ मिलाया है। इसके साथ ही ग्राहकों को ट्रू 5जी एक्सपीरियंस देने के लिए जियो के साथ साझेदारी में रियलमी अपने चुनिंदा शोरूम में ट्रू 5जी एक्सपीरियंस जोन भी स्थापित करेगा।

जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के सीईओ किरण थॉमस ने इस साझेदारी पर कहा हम रियलमी के साथ एक और बेहतरीन साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। रियलमी 10 प्रो प्लस जैसे शक्तिशाली 5जी स्मार्टफोन की वास्तविक ताकत को जियो जैसे ट्रू 5जी नेटवर्क द्वारा ही दिखाया जा सकता है। जियो ट्रू 5जी भारत के साथ दुनिया का सबसे उन्नत नेटवर्क है।

रियलमी 10 प्रो प्लस 5जी, फ्लैगशिप-लेवल के 120 हर्टज कर्व्ड विज़न डिस्प्ले से लैस है और अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है। रियलमी 10 प्रो प्लस 5जी अल्ट्रा-लाइट बॉडी के साथ आकर्षक हाइपरस्पेस डिज़ाइन में आता है। वजन में हल्के इस स्मार्टफोन का कुल भार महज 173 ग्राम है, साथ ही स्मार्टफोन में 5000एमएएच की बैटरी है जो लंबे समय तक साथ देने के लिए बनी है। फोटोग्राफी के दिवानों के लिए इसमें फ्लैगशिप मोबाइल फोन स्तर का 108एमपी प्रोलाइट कैमरा लगा है।

कानिटकर के साथ काम करने को लेकर उत्तासित हैं हरमनप्रीत

मुंबई। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नवनियुक्त बल्लेबाजी कोच ऋषिकेश कानिटकर की तारीफ करते हुए कहा कि टीम को उनके साथ तालमेल बैठाने में कोई समस्या नहीं होगी।

कानिटकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 शृंखला के दौरान टीम की देखरेख करेंगे।

गौरतलब है कि बीसीसीआई ने 'पुनर्गठन मॉड्यूल' पर काम करते हुए पूर्व कोच रमेश पवार को बतौर स्पिन-गेंदबाजी कोच राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित कर दिया है। इसी के साथ महिला टीम के कोच के रूप में पवार का दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया।

हरमनप्रीत ने पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैंने हमेशा रमेश सर के साथ काम करने का आनंद लिया है। हम उनके अधीन एक टीम के रूप में विकसित हुए हैं और बहुत कुछ सीखा है। उन्हें बतौर स्पिन-गेंदबाजी कोच एनसीए में स्थानांतरित करना बीसीसीआई का फैसला है। ऋषि सर हमारे साथ हैं। हम श्रीलंका में उनके साथ बहुत अच्छा अनुभव रहा। वह काफी अनुभव लेकर आये हैं और हम केवल आगे की ओर देख रहे हैं। हमारी टीम सही हाथों में हैं।

हरमनप्रीत ने कहा, कानिटकर शांत हैं और हमें किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता थी जो हमें मैदान पर शांति प्रदान कर सके। हमने अतीत में देखा है कि कभी-कभी महत्वपूर्ण स्थिति में, लड़कियों को किसी शांत व्यक्ति के समर्थन की आवश्यकता होती है जो उनके विचारों के माध्यम से उनका मार्गदर्शन कर सके। श्रीलंका में इसका अनुभव करने के बाद जब हमें पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया शृंखला के लिये टीम के साथ होंगे तो हमें काफी अच्छा महसूस हुआ।

हाल ही में भारतीय पुरुष टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर गये कानिटकर ने श्रीलंका में बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में महिला टीम के साथ काम किया था। भारत ने उस दौरे पर टी20 शृंखला 2-1 से जीती, जबकि एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

हॉकी विश्व कप से पहले भुवनेश्वर, राउरकेला में बिछीं नई पिचें

भुवनेश्वर । एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 से पहले यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में चार नयी पिचें बिछायी गयी हैं।

हॉकी इंडिया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि कलिंगा स्टेडियम में मुख्य पिच के साथ-साथ अभ्यास पिच को फिर से बिछाया गया है, जबकि राउरकेला में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा प्रमाणित बिल्कुल नयी पिचें बिछी हैं।

पुरुष विश्व कप 2023 इस अत्यधिक प्रतिष्ठित आयोजन का 15वां संस्करण होगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले राउरकेला में नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे।

अगले साल 13 से 29 जनवरी तक होने वाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भारत सहित दुनिया भर की शीर्ष 16 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के लिये 16 टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है। भारत पूल-डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की ने कहा, मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि एफआईएच द्वारा प्रमाणित सभी नयी पिचें उपयोग के लिये तैयार हैं। कलिंगा हॉकी स्टेडियम और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम दोनों भाग लेने वाली टीमों और दर्शकों के लिये विश्व स्तरीय सुविधायें प्रदान करेंगे। हम इसके लिये ओडिशा राज्य सरकार के आभारी हैं, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है कि विश्व कप का यह संस्करण हर किसी के लिये यादगार हो। गौरतलब है कि भारत इससे पहले 2010 और 2018 में भी पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर चुका है।

बड़े मियां छोटे मियां में साउथ के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की एंट्री, बनेंगे विलेन

जब से फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की घोषणा हुई है, आए दिन इससे जुड़ी नई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के नाम पर पहले ही मुहर लग गई थी और अब इसमें साउथ के सुपरस्टार पृथ्वीराज सकुमारन की एंट्री हो गई है। टाइगर और अक्षय ने भी फिल्म में उनका स्वागत किया है। वह विलेन की भूमिका निभाने वाले हैं। अक्षय ने फिल्म से पृथ्वीराज का लुक साझा करते हुए लिखा, बड़े मियां छोटे मियां का परिवार और बड़ा हो गया है। इस क्रेजी एक्शन रोलर कोस्टर राइड में आपका स्वागत है दोस्त। चलो धमाल मचाते हैं। दूसरी तरफ टाइगर ने पृथ्वीराज का यही पोस्टर शेयर कर लिखा, पृथ्वीराज आपका बहुत-बहुत स्वागत है। आपके साथ इस सफर पर चलने का बेसब्री से इंतजार है। बता दें कि पृथ्वीराज फिल्म में कबीर नाम के एक विलेन का किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी ने कहा, पृथ्वीराज सुकुमारन का बड़े मियां छोटे मियां के कलाकारों के रूप में होना कमाल की बात है। एक विलेन के रूप में उनका होना फिल्म में और ज्यादा रोमांच जोड़ता है। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। उन्होंने इस पर कहा, मैं वास्तव में बेहद प्रतिभाशाली पृथ्वीराज के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं।

आयुष्मान खुराना की डॉक्टर जी 11 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आएगी

अभिनेता आयुष्मान खुराना की सोशल कॉमेडी फिल्म डॉक्टर जी सिनेमाघरों में कोई कमाल नहीं दिखा पाई। इसे 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। अनुभूति कश्यप ने इसका निर्देशन किया है। कई समीक्षकों को आयुष्मान का अभिनय पसंद आया, लेकिन बॉक्स ऑफिस के पैमाने पर फिल्म औंधे मुंह गिर पड़ी। अब मेकर्स ने इसकी ओटीटी रिलीज की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 11 दिसंबर को दिग्गज स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। नेटफ्लिक्स ने एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की डिजिटल रिलीज को लेकर जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, डॉक्टरों को भी ऐसी समस्या है जिसका इलाज उनके पास नहीं है! डॉक्टर जी 11 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आ रही है।

आज का राशिफल

मेष : आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा।

वृष : आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा।

मिथुन : आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है।

कर्क : दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा।

सिंह : आज किसी समारोह का मुख्य हिस्सा बनने के पूर्ण योग हैं। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात-निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। म करना आसान रहेगा।

कन्या : आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है।

तुला : आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं।

वृश्चिक : आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी।

धनु : आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढ़ेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफ़ी संवेदनशील होंगे।

मकर : आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ़्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है।

कुंभ : आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे।

मीन : आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

जायकेदार नाश्ता है आलू पूड़ी

सर्दियों में आलू-पूड़ी खाने का मजा ही अलग होता है। ताजे धनिया, मिर्च के साथ इसका स्वाद दोगुना हो जाता है। तो कैसे बनाएं इसे लजीज़, जान लें इसकी क्विक रेसिपी।

सामग्री :

गेहूं का आटा- 1 कप, सूजी- 1/2 कप, अजवायन- 1/2 टीस्पून, जीरा- 1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर/चिली फ्लेक्स- 1 टीस्पून, धनिया पत्ती- 1 टेबलस्पून, उबले आलू- 3-4, पानी- आटा गूंथने के लिए, नमक- स्वादानुसार, तेल- तलने के लिए

विधि :

- एक बाउल में आटा, सूजी, अजवायन, जीरा, चिली फ्लेक्स, धनिया पत्ती और उबले आलू डालकर मिक्स करें। इसके बाद धीरे-धीरे गुनगुना पानी डालते हुए नरम आटा गूंथ लेंगे। आटे को ढककर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें।

- अब आटे के छोटे-छोटे पेड़े बना लें। इन्हें बेल लें।

- थोड़ी देर के लिए सभी पूड़ियों को फ्रिज में रख दें, इसके बाद उन्हें फ्राई करें। ऐसा करने से पूड़ियां तेल कम सोखती हैं।

- इन पूड़ियों को आप बिना सब्जी के भी सर्व कर सकते हैं, कहीं से भी फीकी नहीं लगेंगी।

एक दूसरा तरीका

- इसमें आलू, अदरक, हरी मिर्च, धनिया पत्ती सबको मिक्सी में पीस लें।

- अब इसमें धीरे-धीरे आटे और सूजी को मिलाते हुए नरम आटा गूंथ लें।

- फिर इसके पेड़े बनाकर, उन्हें बेलकर तल लें।

- इस तरीके से भी पूड़ियों के स्वाद में किसी तरह की कमी नहीं आएगी।

शब्द सामर्थ्य- 276

बाएं से दाएं :

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 275 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

सू-दोकू- 276

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.275 का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5